सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 05 सितम्बर, 2023

हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, देहरादून के कुलपति पद पर नियुक्त वर्तमान कुलपति प्रो0(डॉ.) हेम चन्द्र का पांच वर्ष का कार्यकाल दिनांक 05 सितम्बर, 2023 को पूर्ण हो रहा है। नियमित कुलपति के चयन की प्रक्रिया शासन स्तर पर विचाराधीन है, जिसमें अभी समय लगने की संभावना है।

उपरोक्त स्थिति के दृष्टिगत राज्यपाल/कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, अधिनियम, 2014 की धारा–10(7) में निहित अस्थायी व्यवस्था के अन्तर्गत वर्तमान कुलपति प्रो0(डॉ.) हेम चन्द्र को दिनांक 06 सितम्बर, 2023 से अग्रेतर छः माह अथवा नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक जो भी पहले हो, तक के लिए हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, देहरादून का कुलपति नियुक्त किया गया है।